ही हिये कलोलैं बिबिधि भाँति मुकुलित द्रुम राजी ॥ उडति कपूर धूरि रही है गगन पूरि गोकुल सुंदरी सँग रास केलि साजी ॥ २ ॥ गिरिधरि पिय प्रमुदित क्रीडा बस मरकत मनि पीक लीक राजी ॥ 'कृष्ण दास' प्रभु प्रान प्यारी कैं बिनोद हित मदन दूत केलिकैं जीति रति बाजी ॥ ३ ॥ १२ ॥ 卐 ॥ ताल सुरफाग ॥ प्यारे कान्हर हो जो तुम आंखिन भरो जू ॥ ऐसे वदि खेलौ खेलि अब कैं बसंत मोसौं सोंह जू करो जू ॥१॥ हौं कहि लैत बात भूलि जिन जाओ औरकैं खिलायवैकों हरि जिन हरो जू ॥ 'कल्यान के प्रभु' गिरिधर निधरक काहू धाय जिन धरो जू ॥ २ ॥ १ ॥ 卐 ॥ ताल आडचोताल ॥ देखौं नवल बनें नवरंग ॥ नवल गिरिधरलाल सुंदर नवल भांमिनि सँग ॥ १ ॥ नवल बसंत नवल ब्रिंदावन

नवल है प्रथम प्रसँग ॥ नवल विटप तमाल कैं बीच नवल सुरत तरँग ॥२॥ नवल केसु फूलै प्रफुलित नवल स्यामा अंग ॥ नवल ताल पखावज बाँसुरी नवल बाजति चँग ॥ ३ ॥ नवल मुक्ताहार उर पै निरखि लजति अनंग ॥ 'सूर' नवल गुपाल हि निरखति भई मनसा पंग ॥४॥१॥卐॥

। ताल चौताल या ध्रुपद । ऋतु बसंत कुसुमित नव बकुल मालती ॥ कुरव मल्लिका जुथ गुंजति बहु अलि पांति ॥ १ ॥ कुजत कलकल हँस केकि मिथुन कीरा ॥ बहत मलय पवन विमल सुरभि जमुना तीरा ॥ २ ॥ गावति कल गीत जुवती बोलति हो हो होरी ॥ केसरि मृगमद कपूर छिरकति नवगोरी ॥ ३ ॥ मनि नूपुर कर किंकिनि कंकन धुनि सोहै॥'हरिजीवन' प्रभु गिरिवरधर त्रिभुवन मन मोहै ॥ ४ ॥ १ ॥卐॥ क्रिडति ब्रिंदाबन चंद

ब्रज जुवतिन संगे ॥ भाव पूरि भरित नैंन सुचित भुव भंगे ॥ १ ॥ इक रूप सुधा सिंधु नेन खची पीवे ॥ इक अंग रस भरि भुजा लाइ रही ग्रींवे ॥ २ ॥ इक लेति तँबोल अधर छुवावैं ॥ इक अँक भरति इक आप अँक आवैं ॥ ३ ॥ इक बेन सुर समान उघटि तान गावै ॥ इक कुचन मँडलमें चरन कमल जावैं ॥ ४ ॥ चुंबति इक वदनकमल चिबुक गहे बाला ॥ इक उरज कुँम-कुमतैं चरचत बन माला ॥ ५ ॥ इक नीवी मोचन भए सचिकित भए नैंना ॥ इक नैंन देति पैलैं इक कहति बेना ॥ ६ ॥ इक चलित पवन ललित अँचरन सह्मारै इक ॥ सिथल बसन केस लाज तजि निहारै ॥ ७ ॥ स्याम द्रुम रसाल बाला कोकिल श्रम कुंजे ॥ 'रसिक' मनोरथ राधे राधे सम पूजे ॥ ८ ॥ २ ॥ 卐 ॥ राधे जू आज बन्यौ

है बसंत मनौ मदन बसंत विहरत, नागरी नव कंत ॥ १ ॥ मिलत सनमुख पाटलीपट, मत्त मान जुही ॥ बेली प्रथम समागम कारन, मेदनी कच गुही ॥ २ ॥ केतुकी कुच कलस कंचन, गैरे कंचुकि कसी ॥ मालती मद बिसद लोचन निरखि मृदु मुख हँसी ॥ ३ ॥ बिरह व्याकुल कमलनी कुल, भई वदन विकास ॥ पवन परिमल सहचरी पिक गान हृदय बिलास ॥ ४ ॥ उत सखी चंपक चतुर कदम नुतन माल ॥ मधुप मनि माला मनो-हर 'सुर' श्री गुपाल ॥५॥३॥卐॥ तिताल ॥ मधु ऋतु त्रिंदावन माधवी फूली ॥ विटप पाँति सुहाई सोभा बरनी न जाई गंध लुब्ध अलि मंडली भूली ॥१॥ कोकिल कपोत कीर मधुप बिहँग बीर गावति बसंत राग अनुकुली ॥ नाचति केकी सुठान छटी जत लेति मान सुभग वंदि निस सारस मूली ॥२॥

तरनि तनया तट निकट बंसीबट जोरी एकसी नहीं कहूं समतूली ॥ मलय पवन सेव नाम लीन कुंज देव सुरत सँगम सुख हिंडोरे झूली ॥३॥ मृगमद अबीर गुलाल कुँमकुमा चंदन बनी कपुर धूली ॥ बाजति ताल मृदंग आवज बैन उपंग बोलति हो हो होरी लाज कंचुकी खूली ॥ ४ ॥ खेलति राधिका नाथ अनंत जुवतीन साथ विविध भूपन बऊ रँग दुकूली ॥ 'कृष्ण दास' प्रभु हरि गोवरधनधरलाल निरखि मन उडपति गति भई लूली ॥ ५ ॥ १ ॥ 卐 ॥ मोह्यौ मन आजु सखी मोहन बल वीर ॥ मधुर-मुरली सुर गावति सकल जमुना तीर ॥ १ ॥ कनक कपिस अति सोभित कटि तट वर चीर ॥ मानिकि हूति ओढनी साँवल सरीर ॥२॥ सखि सिखंड सिर सिंधु मुदित भेप अभीर ॥ मुकलित नव त्रिंदावन कूजति

पिक कीर ॥३॥ "कृष्ण दास" प्रभु कै हित त्रिगुन वहै समीर ॥ गिरिवरधर जुवतीन सँग बिहरति रति रनधीर ॥४॥२॥१६५॥卐॥ ताल धमार॥ श्रीत्रिंदाबन खेलति गुपाल बनि बनि आई ब्रज की बाल ॥१॥ नवल सुंदरि नव तमाल ॥ फूलै नवल कमल माधि नव रसाल ॥२॥ अपने कर सुंदर रचित माल ॥ अवलंबित नागर नंदलाल ॥३॥ नव गोप वधू राजति हैं सँग ॥ गज मोतिन सुंदर लसति मंग ॥४॥ नव केसरि मेद अरगजा घोरि ॥ छिरकति नागरि कौं नव किसोर ॥५॥ तहँ गोपी ग्वाल सुंदर सुदेस ॥ राजति माला विविधि केस ॥६॥ नंदनंदन कौ भुव बिलास ॥ सदा रहौ मन 'सूरदास' ॥७॥१॥卐॥ अदभुत सोभा त्रिंदावनकी देखो नंद कुमार ॥ कंत वसंत आवत जानि बन बेलीन कीये हैं सिंगार ॥१॥

पल्लव बरन बरन तन पहरै बरन बरन फल फूल॥ ऐतो अधिक सुहाए लागति मन अभरन सम-तूल ॥ २॥ बालक बिहँग अनंग रँग भरि बाजति मनौं बधाई ॥ मंगल गीत गाइवेकौ जानो कोकिल बधु बुलाई ॥ ३ ॥ बहति मलय मरुत परिचारक सबकै मन संतोपे ॥ द्विज भोजन सौं होति अलीनकै मधु मकरँद परोसे ॥ ४॥ सुनि सखी बचन 'गदाधर' प्रभुकै चलौ पीतमपै जइए ॥ नव निकुंज महल मंडप मैं हिलिमिलि पंचम गैए ॥५॥२॥卐॥ आजु सांवरो घोप गलि-नमैं खेलति मोहन होरी ॥ संग सखी लीए राधिका बनी है अनुपम जोरी ॥ १ ॥ बाजति ताल मृदंग छंदसौं बीच मुरलीकी थोरी॥ अरस परस छिरकति छिरकावति मोहन राधा गोरी ॥२॥ अबीर गुलाल उडाति बूका रँग जोरी भरै

भरि कोरी ॥ केसरि रँग सौं भरि पिचकारी मारति हैं मुख मोरी ॥ ३ ॥ छल बल सौं करि आंखि अंजावति लोक लाज सब तोरी ॥ लूटति सुखकी सीवां सब मिल 'परमानँद' कहति निहोरी ॥ ४ ॥ ३ ॥ 卐 ॥ आयौ आयौरी यह ऋतु बसंत ॥ मधुकरन मधु बन वसंत ॥ दे दे तारी तिय-मन हँसत ॥ मलय मृगज केसरि घसंत ॥ १ ॥ खेल मच्यो ब्रजपुरकैं मांऊ ॥ कोउ गिनति न भोर मध्यान्ह साँऊ ॥ बाजे मुरज ढफ बीन ऊांऊ ॥ उडति गुलाल अबीर तांऊ ॥ २ ॥ गिरिधर पिय जलजंत्र हाथ ॥ वल्लव वल्लवी भोर साथ ॥ गावति गुन मधु माधो गाथ ॥ निरखि मुरझि परयौ रतिकौं नाथ ॥ ३ ॥ नित उठि घोस बिनोद बात ॥ पसु पंछी फूलै न मात ॥ प्रतिबिंबति रवि ससि पात पात 'विष्णुदास' चरन बलि जात जात ॥४॥४॥卐

कुसुमित कुंज बिपिन ब्रिंदाबन चलीए नंदके लाला ॥ पाडर जाई जुही केतुकी चंपक बकुल गुलाला ॥ १ ॥ अँब दाख दाडिम नारँग फल जांबू परम रसाला ॥ अरु बहुत फूल द्रुम दिखि-यतु कहति मुदित ब्रजबाला ॥ २ ॥ कोकिल कीर चकोर मोर खग जमुनातट निकट मराला ॥ तिगुन समीर बहति अलि गुंजति नीकी ठौर गुपाला ॥ ३ ॥ सुनि मृदु बचन चलै गिरिवरधर कटि तटि किंकिनि जाला ॥ नाना केलि करति सखी-यन सँग चंचल नैन बिसाला ॥ ४ ॥ तहँ बीनत कुसम राधिका भामिनी ग्रथित मनोहर माला ॥ 'कृष्ण दास' प्रभुके उर मेलति भेटति स्याम तमाला ॥५॥५॥१७०॥卐॥ खेलति गिरिधर रगमगे रंग ॥ गोप सखा बनि बनि आए हैं हरि हलधर के सँग ॥ १ ॥ बाजति ताल मृदंग झांज ढफ मुरली

मुरज उपंग ॥ अपनी अपनी फैंटन भारि भारि लिए गुलाल सुरँग ॥ २॥ पिचकाई नीकै करि छिरकति गावति तान तरँग ॥ उत आई ब्रज वनिता बनि बनि मुक्ता फल भारि मँग ॥ ३ ॥ अचरा उरसि फैंट कँचुकी कसि राजति उरज उतंग॥ चोवा चंदन वंदन लै मिलि भरति भामते अंग ॥ ४ ॥ किसोर किसोरी दुहूं मिलि विहरति इत रति उतही अनँग ॥ 'परमानंद' दौऊ मिलि विलसति केलि कलाजू निसँग ॥ ५ ॥ ६ ॥ 卐॥

खेलति गुपाल सखीन सँग ॥ नवनव अँबर रँग रँग ॥ ध्रु० ॥ मुरली वेन ढफ नए चँग ॥ मधि नई कुहूक बाजे उपंग ॥ सुर समूह नई नई तरँग ॥ जहँ नई नई गति उपजति मृदंग ॥ १ ॥ मृगमद लपटै चंदन सुगंध॥ केसरि कुँमकुम मलय मकरँद ॥ हुलसि जुवति वर वृंद वृंद ॥ लीनै

लपेटि आनंद कंद ॥ २ ॥ उडी परसपर अरुन रूँदि ॥ दुरत भरति मुख नैंन मूंदि ॥ घूंघटमैं मुख लसति मंद ॥ मनौं अरुन जलधिमैं दुरे चँद ॥ ३ ॥ सखी इक तब कियौ वंद ॥ चतुर बोलि सिखयौ सुछंद ॥ पिय नाम टेरि कह्यौ नँद नँद ॥ रहो रहो भरौ जू नागर नँद ॥ ४ ॥ हाथ झारि हरि कौं दिखाइ ॥ चोलीमैं सोंधो दुराइ ॥ तियन अँक हँसिकैं बताइ ॥ गहे तब हि सब परी हैं धाइ ॥ ५ ॥ कोउ निरखति लोचन अघाइ ॥ कोउ आन दृग आँजति सिराइ ॥ कोउ मुख पकरि रोरी फिराइ ॥ कोउ कहति भले हो स्यामराइ ॥ ६ ॥ विवस प्रेमवस स्यामलाल ॥ मन भायौ सब करति बाल ॥ भरति अँक भरि भरि गुपाल ॥ 'सूरदास' तहँ कामपाल ॥ ७ ॥ ७ ॥ 卐 ॥

खेलति पिय प्यारी सौंधें भरि भरि लीए कनक

पिचकारी ॥ छल करि छिरकति भरति परसपर देति दिवावति गारी ॥ १ ॥ छीनि लई मुरली प्रीतमकी रंग बढावति भारी ॥ चोवा चंदन बुका वंदन कुँवरि कुँवर पै डारी ॥ २ ॥ केसरि आदि जवादि कुँमकुमा भींजि रही रँग सारी ॥ देति नही डहकावति सुंदरि हँसति करति किलकारी ॥ ३ ॥ फगुवा देहुं लेहु पिय मुरली कैं कहो कुँवर हाहारी ॥ बरनौं कहा कहति नहि आवै बढयौ सुख सिंधु अपारी ॥ ४ ॥ इत मोहन हलधर दोऊ भैया उत ललिता राधा री ॥ हित 'हरि बंस' लेहु किन मुरली तुम जीते हम हारी ॥ ५ ॥ ८ ॥ 卐 ॥ खेलति फागु नंदके नंदन सखा सँग सब लीनै ॥ अबीर गुलाल अरगजा चौवा केसरि कैं रँग भीनै ॥ १ ॥ उत आई वृषभान नँदनी सखी

सँग सब लाई ॥ मनौं सुक्ल कृष्ण पक्ष एक
व्है प्रगट ही देति दिखाई ॥ २ ॥ हाटक रत्न
जटित पिचकाई लै धाए सब ग्वाल ॥ छिर-
कति जाए जुबति वृंदन पै ताकि ताकि नैंन
बिसाल ॥ ३ ॥ ठाडी सकल नवल ब्रज सुंदरि
करति कुलाहल सोर ॥ मनौं सुभट मदन कैं
रनमैं रहे अपने जोर ॥४॥ चंपक वकुल केतकी
जाती कुंद मल्लिका फूली ॥ गुनुनु करति द्वि-
रेफ मंडली सबहिन के अनुकूली ॥ ५ ॥ बीन
रबाब बाँसुरी आवज झांझ ताल मुख चंग ॥
भेरी पटह अघोटी महुवरि बाजति सरस
मृदंग ॥ ६ ॥ खेल परसपर बढ्यौ अति भारी
हरखे सुर नर देव ॥ अदभुत ऋतु अदभुत
यह सोभा कोउ न जानै भेव ॥ ७ ॥ कोक
कला अभिज्ञ कौस्तुभधारि निरखि लजति सत-

मार ॥ ' गोकुल चंद ' सुखद रस जीवन गोपीन के उरहार ॥ ८ ॥ ९ ॥ 卐 ॥ खेलति बन सरस बसंत लाल ॥ कोकिल कल कूजति अति रसाल ॥ जमुना तट फूलै नव तमाल ॥ केतकी कुंद नुतन प्रवाल ॥ १ ॥ तहँ बाजति बीन मृदंग ताल ॥ बिच बीच मुरली अति रसाल ॥ नव सत सजि आईं ब्रजकी बाल ॥ साजै भूपन बसन तिलक भाल ॥२॥ चोवा चंदन अरु गुलाल ॥ छिरकति प्यारी तकि तकि गुपाल ॥ आलिंगन चुंबन देति गाल ॥ पहरावति उर फूलनकी माल ॥ ३ ॥ यह बिधि क्रीडति ब्रज नृप कुमार ॥ सुमन वृष्टि करि सुर अपार ॥ श्रीगिरिवरधारि मन हरत मार ॥ "कुंभन दास" बलि बलि बिहार ॥ ४ ॥ १० ॥ १७५ ॥ 卐 ॥ खेलति बसंत श्रीनंदलाल ॥ भरै रँग सब ग्वाल

बाल ॥ ध्रु० ॥ जूथ जूथ सब नवल बाल ॥ सजि समाज उडति गुलाल ॥ गावति पंचम सरस राग ॥ रुप सील भरी सब सुहाग ॥१॥ नव केसरि भाजन भराइ ॥ चंदन सौं म्रगमद मिलाइ ॥ बहु गुलाल छिरकैं फुलेल ॥ कुंवर कुंवरि रँग बढी केलि ॥ २ ॥ लाल हि ललना भरैं धाइ ॥ मुख गोरी मांडैं बनाइ ॥ भलें जू कहै तारी बजाइ ॥ भले तियन बस परैं हो आइ ॥ ३ ॥ अंग अंग रँग सब सुहाइ ॥ पिय लोचन निरखैं अघाई ॥ विलसति सुख वडभाग वाम ॥ सुखी भए तहँ 'सूर' स्याम ॥ ४ ॥ ११ ॥ 卐 ॥ खेलति बसंत श्रीत्रिंदावन मैं मोहन कैं सँग प्यारी ॥ गौर स्याम सोभा सुख सागर प्रीति बढी अति भारी ॥ १ ॥ चोवा चंदन बूका वंदन अबीर गुलाल उडावति न्यारी ॥ कंचन

कलस लियैं जुवती, कर मारति भरि पिच-
कारी ॥ २ ॥ ताल मृदंग झांझ ढफ बाजति
बीना धुनि रस सारी ॥ खेलति फागु भाग भरि
गोपी रसिकराइ गिरिधारी ॥ ३ ॥ स्यांम सुभग
तन नील सरोवर कमल फूली सब व्रजकी नारी ॥
'कृष्ण दास' प्रभु या छबि उपर त्रिभुवन कौं सुख
बलिहारी ॥ ४ ॥ १२ ॥卐॥ खेलति बसंत गोकुल
कैं नायक जुवतीजन कैं मंडल बीच ॥ सुरँग
गुलाल उडाइ अरगजा कुँमकुमकी जहँ कीच ॥१॥
हाथन लिए कनक पिचकाई छिरकति आपुस
मांझ ॥ तेसौंई सुरँग रँग केसरि कौं मनौं फूली सांझ
॥ २ ॥ श्रीमंडल आवज ढफ बीना झांझ
झालरी ताल ॥ पटह मृदंग अधोटी महुवरी
बाजति बेनु रसाल ॥ ३ ॥ रविकल कुल कोकिल
अति कूजति चहुं ओर द्रुम फूलै ॥ तेसौंई

सुभग तीर कालिंदी देखति सुर नर भूलै ॥ ४ ॥ यह विधि सब मिलि होरी खेलै मन मैं अति आनँद ॥ गोबरधनधर रूप उपर जन वलि वलि 'गोकुल चँद' ॥५॥१३॥卐॥ निरत ॥ खेलति बसंत राधा प्यारी ॥ नाँचति गावति बेन वजावति अंस भुजा धरें कुँज बिहारी ॥ १ ॥ साखि जवादि कुँमकुमा केसरि छिरकति मोहन झूमक सारी ॥ उडति अबीर पराग गुलाल ही गगनन दिस, दीन भयौ अधिकारी ॥ २ ॥ मधूर कोकिल कूंजित गुंजित मनौं देति परस्पर गारी ॥ नख सिख अंग बनी सब गोपी गावति, देखति चढीं अटारी ॥ ३ ॥ ताल रबाब झांझ ढफ बाजति मुदित सबे ब्रिंदाबन नारी ॥ यह सुख देखति नैंन सिरानैं व्यास ही रोम रोम सुखकारी ॥ ४ ॥ १४ ॥卐॥ खेलि खेलि हो लडैंती श्रीराधे

तोही कौं फब्यौ हैं बसंत ॥ सुनि भामिनि दामिनि सी हो तुम पायौ स्याम घन कँत ॥१॥ जमुना के तट श्री ब्रिंदाबन परम अनुपम ठाऊँ ॥ कुंजन कुंजन केलि करौ मिलि सुबस बसौं बलि जाऊं ॥२॥ मदन गुपाललाल रसिया कौं रस तेंई लै जान्यौं ॥ अपनौ मन अरु वा मोहन कौ एकमेक करि सान्यौं ॥३॥ उडति गुलाल धूंधरि माधि राजति राधा अंग लपटानी ॥ कहि 'भगवान' हित रामराइ प्रभु यह छबि हिये समानी ॥४॥ १५ ॥ १८० ॥ 卐 ॥ खेलति वसंत गिरिधरनलाल ॥ मनमोहन हग बिसाल ॥ध्रु०॥ सँग सोहति सुंदर अनंग ग्वाल ॥ भीने रँग केसरि करति ख्याल ॥ उडति अबीर पचरँग गुलाल ॥ बाजति मृदंग ढफ झांझ ताल ॥१॥ आई बनि बनि मिलि ब्रजकी वाम ॥ श्रीराधा ललितादिक

सु नाम ॥ गावति पंचम बंधी प्रेम दाम ॥ सोभा पावत भयौ नंद धाम ॥ २ ॥ रँग भरति भरावति करति रँग ॥ रँग भरे बसन राजति सु अंग ॥ लुब्धे सुगंध भए मत्त भृंग ॥ म्रदु बोलति डोलति संग ॥ ३ ॥ भरि लियौ अबीर मुठी सु हेत ॥ दौऊ तज्यौ चाहति पुनि राखि लेति ॥ दृग मूंदन चमकनि व्है सुचेत ॥ बाढति छबि सौं गुनी सुख निकेत ॥४॥ लै बरन बरन रँग अमोल ॥ छिरकति हितु व पिय हित कलोल ॥ फबि रही बूंद सोहति दुकूल ॥ मनौं फूलि रहे बहु बरन फूल ॥ ५ ॥ भरे नवल वाम गिरिधर हि धाइ ॥ रहे बिबिधि भेद रँग अंग छाइ ॥ जहँ निरखति सोभा कही न आइ ॥ तहँ स्याम रँग जान्यौं न जाइ ॥ ६ ॥ भई मोहित सुर वनिता विमान ॥ मोहे गंधर्व सुनि मधुर गान ॥ रँग भरौ पिय अति सु जान ॥ यह राखि

हिये 'कृष्ण दास' ध्यान ॥ ७ ॥ १६ ॥ 卐 ॥ खेलैं फागु जमुना तट नंदकुमार ॥ द्रुम मोरे बिपिन अठार भार ॥ ध्रु० ॥ हलधरि गिरिधारि ग्वाल सँग ॥ मिलि भरति परसपर करति रँग ॥ बाजै मृदंग उपंग चँग ॥ राजै सुंदर बिचित्र अँग ॥ १ ॥ ताल मुरज उपंग ढोल ॥ बहु वंदन उडति गुलाल रौल ॥ बास लुब्ध आऐ मधुप टौल ॥ तेऊ अरुन भए अलि वर निचौल ॥ २ ॥ बहुरि मधुप गऐ अपने ठाँइ ॥ भरि तान पर भमरी नहिं पत्याइ ॥ तुम राते भए पति कौन भाय ॥ कोऊ कपट रूप मति वेठौ आय ॥ ३ ॥ खटपद कहै तुम भूली बाल ॥ जहँ धरा गिरि अंबर भयौ गुलाल ॥ तहँ ऋतु बसंत बिहरति गुपाल ॥ 'जाडा कृष्ण' कौ प्रभु मोहनलाल ॥४॥१७॥卐॥ बिरी ॥ गुरुजनमैं ठाडै दौऊ पीतम

सेनन खेलति होरी ॥ नैनन वेनन कह्यौ जू पग्म-पर परम रसिकनी जोरी ॥ १ ॥ पिचकाई द्दग छुटति कटाच्छन ढोरैं अरुन रँग रोरी ॥ छिरकति रस सौं छेल छबीलौ कुंवरि छबीली गोरी ॥ २ ॥ लसति दसन तँबोल रस भीनै हँसि निरखति पिय ओरी ॥ मनौ सुरंग गुलाल उडावति सुंदर नवल किसोरी ॥ ३ ॥ छुटी अलक वदन छबि लागति बरनि सकै कवि को री ॥ मनौं कनक कुपी चोवा की, कुंवरि सीस पै ढोरी ॥ ४ ॥ कठिन उरोज गाढी जू कँचुकी अरु अँचल ओट अगोरी ॥ सँकेत कुँजन जानि रसिक पिय नैन निमेष न मोरी ॥ ५ ॥ ललितादिक सखी पिय प्यारी अरु गिरि-धारीकी चोरी ॥ 'गोकुल बिहारी' कौ मुख निरखति प्रेम समुद्र झकौरी ॥६॥१८॥卐॥ चलि देखनि जैए नंदलाल ॥ ध्रु० ॥ बनि ठनि आई सब

व्रजकी बाल ॥ आज ऋतु बसंत गावहु रसाल ॥ १ ॥ चली राधे कुँवरि सहचरिन संग ॥ लीऐ ढफ आवज किन्नरी मृदंग ॥ बिच महुवरि मधुर बाजै उपंग ॥ लै मिली स्यामा जू कौं राग रँग ॥ २ ॥ रँग रँगी भूमि भवन पच रँग अबीर ॥ आऐ करति कुलाहल जमुना तीर ॥ ठाडै मधू-सूदन रसन गोपी नीर ॥ नव केसरि कैं रँग रँगे है चीर ॥ ३ ॥ जिह कुंज मधुप गुनी बास ॥ बोलै अंब डार कोकिल प्रकास ॥ जहँ स्याम सुंदर करैं बिलास ॥ श्रीजगन्नाथ भजि 'माधौ दास' ॥ ४ ॥ १९ ॥ 卐 ॥ चली है भरन गिरिधरन-लाल कौं बनि बनि अनगन गोपी ॥ उबटी हैं उबटन नवल चपल तन मनौं दामिनी ओपी ॥१॥ पहरै बसन बिबिधि रँग भूषन करन कनक पिचकाई ॥ चंचल चपल बडेरी अखियाँ मनौं

अरग लगाई ॥ २ ॥ छिरकति चली गली गोकुलकी कही न परत छबि भारी ॥ उडि उडि केसरि बूका बंदन अटि गए अटा अटारी ॥ ३ ॥ सखन सहित सजि साँवरे सुंदर सुनति हि सनमुख आए ॥ मनौं अंबुज बनबास बिबस व्हैं अलि लंपट उठि धाए ॥४॥ हरि कर पिचकाई निरखि तिय कैं नैंना छबिसौं हि ठहिराई ॥ खँजनसें मनौं उडि नव चले हैं ढरकि मीन हैं जाई ॥५॥ पहिलैं कान्ह कुँवर पिचकाई भरि भरि तियनकौं मेली ॥ मनौं सोम सुधा कर सींचति नवल प्रेम की बेली ॥ ६ ॥ पिय कैं अँग तियन कै लोचन लपटैं छबिकी ओभा ॥ मनौं हरि कमलन कर पूजै बनी हैं अनूपम सोभा ॥ ७ ॥ दुरि मुरि भरन बचावनि छबि सौं आवनि उलटनि सोहै ॥ घुमरयौ अबीर गुलाल गगन मैं जो देखै सौ मोहै ॥ ८ ॥ बिच

बिच छुटति कटाच्छ कुटिल सर उचटि हूल कौं लागी ॥ मुरझि परयों लखि मैन महा भट रति भूज भरि लै भागी ॥ ९ ॥ कहँलौं कहौं कहति नहिं आवै छबि बाढी तिहिं काला ॥ 'नंददास' कैं प्रभु चिर जीऔ ब्रज बाला नंद के लाला ॥ १० ॥ २० ॥ १८५ ॥ 卐 ॥ जुवतिन सँग खेलति फागु हरि ॥ बालक बृंद करति कुलाहल सुनति न कान परी ॥ १ ॥ बाजति ताल मृदंग बाँसुरी किन्नर सुर कोमल री ॥ तिनहूं मिलै रसिक नंद-नंदन मुरली अधर धरी ॥ २ ॥ कुँमकुम वारि अरगजा बिबिधि सुगंध मिलाई करी ॥ पिचका-ईन परसपर छिरकति अति आमोद भरी ॥ ३ ॥ टूटत हार चीर फाटति गिरि जहँ तहँ धरन धरी ॥ काहू नहिं संभार क्रीडा रस सब तन सुधि बिसरी ॥ ४ ॥ अति आनंद मगन नहि जानति बीतति

जाम घरी॥ 'कुंभन दास' प्रभु गोवरधनधरि मरव-सव दै निवरी ॥५॥२१॥卐॥ मान॥ तेरी नवल तरु-नता नव बसंत॥ नव नव बिलास उपजति अनँत ॥ध्रु०॥नव अरुन अधर पल्लव रसाल॥ फूलै विमल कमल लोचन बिसाल॥ चलि भृकुटी भृंग भृंग-नकी पांति॥ मृदु हँसन लसन्न कुसमनकी भांति ॥ १ ॥ भई प्रगट अलप रोमावलि मोर॥ स्वास सौरभ मलय पवन झकोर॥ चल फल उरोज सुंदर सुठान॥ बोलै मधुर मधुर कोकिला गान ॥ २ ॥ देखति मोहै ब्रजकुंवर राइ॥ बाढ्यौ मन-मथ मन चोगुनो चाइ॥ तोहि मिलि बिलस्यौं चाहत हैं स्याम॥ जाहि देखति लज्जित कोटि काम॥ ३ ॥ तब चली चरन मंथर बिहार॥ बाजै रुनुनु झुनुनु नूपुर झंकार॥ सुनि पुलकित गोकुलपति कुमार॥ मिलि भयौ 'गदा धर' सुख

अपार ॥ ४ ॥ २२ ॥ 卐 ॥ देखति बन ब्रजनाथ आज अति उपजत है अनुराग ॥ मानौं मदन बसंत मिलि दौऊ खेलत डोलत फाग ॥१॥ द्रुम गन मध्य पलास मंजुरी उठत अगिन की नाईं ॥ अपने अपने मेलि मनौं हरि होरी हरखि लगाईं ॥ २ ॥ केकी कीर कपोत औरु खग करति कुला-हल भारी ॥ जन जन खेलति ग्वाल परसपर देति दिवावति गारी ॥ ३ ॥ झिल्ली झांझ निर्झर निसान ढफ भेरि भँमर गुंजार ॥ मानौं मदन मंडली रचि पुर बीथिनि बिपुन बिहार ॥ ४ ॥ नव दल सुवन अनेक बरन बर बिटपन भेख धरें ॥ जनु राजति ऋतुराज सभामैं हसि बहु रंगनि भरें ॥५॥ कुंज कुंज कोकिल कल कूजत बानिक बिमल बढी ॥ जनु कुल वधू निलज्ज भई हैं गावत अटन चढी ॥ ६ ॥ कुसुमित लता जहाँ

देखति अलि तहीं तहीं चलि जात ॥ मनों षिटप सबन अवलोकति परसत गनिका गात ॥७॥ लींने पुहुप पराग पवन खग फिरति चहूं दिस धाए ॥ तिहीं ओरि संजोगिनि बिरहीनि छांडति भरि करि मन भाऐ॥८॥ औरु कहाँलौं कहौं कृपानिधि ब्रिंदा बिपिन समाज ॥ 'सूर दास' प्रभु सब सुख क्रीडति कृष्ण तुह्मारे राज ॥९॥२३॥卐॥

देखि सखी अति आजु बन्यौं ब्रिंदाबन बिपुन समाज ॥ आनंदित ब्रजलोक भोग सुख सदा स्यामके राज ॥ १ ॥ राधारवन बसंत मचायौ पंचम धुनि सुनि कान ॥ धरनि गिरति सुर किन्नर कन्या बिथकित गगन बिमान ॥ २ ॥ कलकल कोकिल कूजत उपर गुंजति मधुकर पुंज ॥ बाजति महुवरि बेनु झांझ ढफ ताल पखावज रुंज ॥ ३ ॥ केसरि भरि भरि ले पिचकाई छिर-

कति स्यामैं धाई॥ डारति कुंवरि बूका चौआ लैं रहसि कँठ लपटाइ ॥४॥ मुकुलित बिबिधि विटप कुल बरखति पावन पवन पराग ॥ तन मन धन नौछावरि कीनो निरखि 'व्यास' बड भाग ॥५॥२४॥卐॥ देखौ प्यारी कुंज बिहारी मूरति मंत बसंत॥ मोरी तरुन तरुनता तनमैं मनसिज रस बरषंत॥१॥ चलि चितयन कुंतल अलि माला मुरली कोकिला नाद ॥ देखति गोपीजन बनराई मदन मुदित उनमाद ॥ २ ॥ अरुन अधर नव पल्लव सोभा विहसनि कुसुम बिकास॥ फूलै बिमल कमलसे लोचन सूचित मन हुलास ॥ ३ ॥ सहज सुवास स्वास मलयानिल लागति परम सुहाए ॥ श्रीराधा माधवि 'गदाधर' परसत सब सुख पाए ॥ ४ ॥ २५ ॥ १९० ॥ 卐 ॥ देखो ब्रिंदाबन श्री कमल नैंन॥आयौ आयौ है मदन गुन गुदर दैंन

॥ ध्रु० ॥ द्रुम नव दल सुवन अनेक रँग ॥ प्रति ललित लता संकुलिते सँग ॥ कर धँरे धनुप कटि कसि निपँग ॥ मनौं बने सुभट सज्जि कवच अँग ॥ १ ॥ कोकिल कुंजर हय हंस मोर ॥ रथ सैल सिला पद्चर चकोर ॥ वर ध्वज पताक तरु तारकेरि ॥ निर्ऊर निसान वाजै वाजैं भँमर भेरि ॥ २ ॥ जँह नेम सुमति अति मलय बात ॥ मनौं तेज वसन वाने उडात ॥ रुचि राजति विपिन बिलोल पाति ॥ धपि धाय धरति छबि सुरंग गात ॥ ३ ॥ "सूरदास" इम वदत बाल ॥ आयौ काम कृपन सिव क्रोध काल ॥ फिरि चितयो चपल लोचन बिसाल ॥ अब अपनौं करि थापिए गुपाल ॥४॥२६॥卐॥निरत देखौ ब्रिंदाबनकौ जस वितान॥ छायौ सब पर बरनत पुरान ॥ ध्रु० ॥ जाकौं बरनि बेद रहै मौन धारि ॥ करैं ध्यान मान अभिमान

टारि ॥ ताकौ गहति सकल मिलि ब्रजकी नारि ॥ मुख मांडि देति होरी की गारि ॥ १ ॥ जाकौं रिझवति है सब नाचि गाइ ॥ करै बेद युक्ति नाना उपाइ ॥ ताके आँजति लोचन दृगन माइ ॥ छाँडे नचाय हाहा खवाइ ॥ २ ॥ जाके भजति नाम तजि काम केत ॥ भवसागर कौं बर जानि सेत ॥ दुख नास करति सुख कौं निकेत ॥ ताकौं हँसि हँसि ग्वालिन गुलचा देति ॥ ३ ॥ जाकै बस करैं सुनि सब प्रमान ॥ डरैं लोकपाल सब देति मान ॥ सो तो राधा बस करे मुरली गान ॥ 'सूर दास' प्रभु कँत कान्ह ॥ ४ ॥ २७ ॥ 卐 ॥ फागु सँग बडभागि ग्वालनि हरि सँग खेलति होरी ॥ कुँमकुम केसरि अगर अरगजा माट भरैं रँग गेरी ॥ १ ॥ आगे कृष्ण पाछैं व्हैं भाँमनि कर पिचकाई लीनै ॥ त्रिंदाबनमैं मोहन पकरें मन

भायौ सौं कीनैं ॥ २ ॥ अरस परसपर सब मिल खेलति स्याम अकेलैं आए ॥ अंक भरे आलिंगन चुंबन नाना भांति बनाऐ ॥ ३ ॥ पकरि ग्वाल परसपर दुहूं दिसि सूर सुता तट भेटे ॥ अबीर गुलाल अरगजा लेके स्यामा स्याम लपेटे ॥ ४ ॥ जाने को अंग लगे मोहन भेद न पावै कोहे ॥ जुगल जोरि खेलौं गोकुल मैं नित ब्रिंदावन मोहे ॥ ५ ॥ २८ ॥ 卐 ॥ फूल्यौं बन ऋतु राज आजु चलि देखिए ब्रजराज ॥ ध्रु० ॥ निरखति सोभा कही न आवै मनौं उनयौं अनुराग ॥ उत राधिका सखी सब सँग लै खेलनि निकसी फाग ॥ १ ॥ बहु सुगंध बहु अबीर कुँमकुमा लिए है सखन समाज ॥ झांझ मृदंग झालरि ढफ बीना किन्नरि महुवरि साज ॥ २ ॥ जुरे टोल जहँ दौऊ जाय कैं भयौ परम हुलास ॥ खेलति प्यारी परम रस उप-

जति बहु विधि करति बिलास ॥३॥ सिव विरंचि नारद सब गावैं लीला अमृत सार ॥ श्रीविट्ठलनाथ प्रताप सिंधु कौ किन हू न पायौ पार ॥४॥२९॥卐॥

बनसपति फूली बसंत मास ॥ रसिक जनन मन भयौ हुलास ॥ध्रु०॥ श्रीगोकुल फूल्यौ अति रसाल ॥ बाजे चँग मृदंग ताल ॥ सोहै सुंदर तिलक बनायौ भाल ॥ गोपी छिरकति केसरि भरि गुलाल ॥ १ ॥ व्रज जन फूलै अंग अंग ॥ फागु खेलति हलधर कृष्ण सँग ॥ फूलै गोपी ग्वाल मिल जुवति जुथ ॥ मानौं प्रगट भयौ है कामदुत ॥ २ ॥ व्रिंदावन फूल्यौं कुंज कुंज ॥ जमुना जल फूलै करति गुंज ॥ फूलै कमल कली लीऐ भँवर वास ॥ फूलै खग बोलति आस पास ॥ ३ ॥ गोबरधन फूलै ठौर ठौर ॥ फूलै पाँडर केसू अंब मौर ॥ ऐसी सोभा विलसै बारै मास ॥ फूलै जन गावै 'माधौ दास'

॥४॥३०॥१९५ ॥卐॥ निरत ॥ ब्रिंदाबन क्रीडति नँद नंदन सँग ब्रषभान दुलारी ॥ प्रफुल्लित कुसम कुंज द्रुम वेली कोकिल कूंजति मधुप गुँजारी ॥१॥ चोवा चंदन अगर कुँमकुमा मृगमद केसरि सुगँध सँवारी ॥ अति आनंद परसपर छिरकति हाथन लै कनक पिचकारी ॥ २ ॥ बाजति ताल मृदंग झांऊ ढफ बीन रबाब मुरली धुनि प्यारी ॥ अबीर गुलाल उडावति गावति नाँचति हँसति दै दै कर तारी ॥ ३ ॥ चिरजीयौं सकल सुखदाइक लाल गोबरधनधारी ॥ श्रीवल्लभ पदरज प्रताप तैं 'हरि दास' बलिहारी ॥ ४ ॥३१॥ 卐 ॥ बिराजति स्याम सिरोमनि प्यारो ॥ प्रभु तिहूं लोक उजियारौ ॥ ध्रु० ॥ सरस बसंत सजै बन सोभा श्रीव्रजराज बिराजैं ॥ सुर नर मुनि सब कौतिक भूलै देखि मदन कुल लाजैं ॥ १ ॥ रँग सुरँग

कुसुम नाना बिधि सोभा कहति न आवैं ॥ नवल किसोर अरु नवल किसोरी राग रागिनि गावैं ॥२॥ चोवा चँदन अगर कुँमकुमा उडति गुलाल अबीर ॥ छिरकति केसरि रंग परसपर कालिंदी कैं तीर ॥ ३ ॥ ताल मृदंग उपंग मुरज ढफ ढोल भेरि सहनाई ॥ अदभुत चरित रच्यौ ब्रज भूपन सोभा बरनी न जाई ॥४॥ दुरि मुरि ब्रज जुवती सब निरखति निरखि हरखि सचु पावैं ॥ तृन तोरति बलि जाई वदन पर तनकौ ताप नसावैं ॥ ५ ॥ देति असिस चली सब ग्रह ग्रह चित आनंद बढावै ॥ या ब्रजकुल प्रभु हरिकी लीला 'जन गोविंद' बलि जावै ॥ ६ ॥ ३२ ॥ 卐 ॥ पिय प्यारी खेलैं जमुना तीर ॥ भरि केसरि कुँम-कुम नव अबीर ॥ध्रु०॥ घसि मृगमद चंदन अरु गुलाल ॥ रंग भीनें अरगजा पास पाल ॥ जहाँ

कुल कल केकी नव मराल ॥ बन बिहरति दोऊ रसिक लाल ॥ १ ॥ बृंदादिक मोंहन लई जोरि ॥ बाजे ताल मृदंग रवाब घोर ॥ हँसि कैं गेंदुक दई चलाइ ॥ मुख पट दै राधे गई बचाइ ॥२॥ ललिता पट मोहन गह्यौं धाइ ॥ पीतांबर मुरली लई छिनाइ ॥ हौं तो सपत करौं छांडौ न तोइ ॥ स्यांमा जू आज्ञा दई मोय ॥३॥ निज सहचरी आई बसीठ ॥ सुनिरी ललिता तुम सुनी ढीठ ॥ हठ छांडि जानि देऊ तुम नव किसोर ॥ सुनि रीझि "सूर" तृन दीयौ तोर ॥ ४ ॥ ३३ ॥ 卐 ॥

राजा अनंग मंत्री गुपाल ॥ किऔ मुजरा करि छाइ भाल ॥ ध्रु० ॥ प्रथम पढाई नीति जाई ॥ पुनि सिंघासन बैठे आई ॥ कर जोरे रहै सीस नाई ॥ बिनति करि मांगत राजा राइ ॥ १ ॥ फूलै चहूं दिस तरवर अनैक ॥ बोलति कपोत खग हँस

भेक ॥ अति आमोद भरे छांडे न टेक ॥ तहँ लैति रस हि अलि करि विवेक ॥ २ ॥ तब कियौ तिलक रतिराज आनि ॥ तव लावति भेट जिय डर हि मानि ॥ मनौ हरित बिछौना न रहयौ ठांनि ॥ तरवर दलांकित ताल जानि ॥३॥ नाइक मन भायौ काम राज ॥ छांडी सब तन तैं दुहूं लाज ॥ अपनें अपनें मिलै समाज ॥ डोलति रस सागर चढि जिहाज ॥ ४ ॥ अति चतुर राज मंत्री है देखि ॥ तव दिऔ राज अपनौं विसेख ॥ तव 'गुपाल दास' अपनौ जिय लेखि ॥ छांडौ कवहू जिन पल निमेख ॥ ६ ॥ ३४ ॥ 卐 ॥ भोग समय मुकुट के पद ॥ हरि जू की आवनकी बलिहारी ॥ वासर गति देखति हैं ठाडी प्रेम मुदित व्रज नारी ॥ १ ॥ ऋतु बसंत कुसुमित बन राजति मधुप वृंद जसु गावैं ॥ जे मुनि आइ

रहे ब्रिंदाबन स्यांम मनोहर भावैं ॥ २ ॥ नीको भेष बन्यौं है मोहन गुंजा मनि उर हार ॥ मोर पच्छ सिर मुकुट बिराजति नँद कुमार उदार ॥३॥ घोष प्रवेस कियौ हैं सँग मिलि गौरज मंडित देह ॥ 'परमानँद' स्वामी हित कारन जसुमति नँद सनेह ॥४॥३५॥卐॥ मान आडचोताल ॥ चलि बन निरखि राज समाज ऋतु कौं, सकल तरु मोरे ॥ यह बसंत हि जानि रति कैं कंत दल जोरे ॥ १ ॥ विरहनी मति विकल करिवे मृगगन दौरे ॥ कोकिला कल कंठरव मिलि, काम सर छोरै ॥ २ ॥ तरनि तनया तीर मलयज पवन झक झोरैं ॥ गहरू तजि ब्रज भामिनि मिलि नँद किसोरैं ॥३॥१॥卐॥ पीरे बस्त्र ॥ चलि बन बहति मंद सुगंध सीतल, मलय समीरैं ॥ तुव पंथ बेठि निहारति सखी हरि, सूरजा तीरैं ॥ १ ॥ चहूं दिस फूलै

लता द्रुम हरखित सरीरै ॥ तुव बरन तन स्याम सुंदर धरति पट पीरै ॥२॥ विविधि सुर अलि पुंज गुंजति मत्त पिक कीरै ॥ तुव मिलन हित नंद नंदन हैं अति अधीरै ॥ ३ ॥ 'दास कुंभन' प्रभु करति बन बहु जतन सीरै ॥ तुव विरह व्याकुल गोवरधन उद्धरन धीरै ॥ ४ ॥ २ ॥ 卐 ॥ प्यारी नवल नव बन केलि ॥ नवल विटप तमाल अरुजी मालती नव बेलि ॥ १ ॥ नव बसंत, हँसति, द्रुम गन जरा जारे पेलि ॥ नवल मिथुन विहँग कूजति मची ठेला ठेलि ॥ २ ॥ तरनि तनया तट मनोहर मलय पवन्न सहेलि ॥ बकुल कुल मकरँद रहै अलि गन झेलि ॥३॥ यह समै मिलि लाल गिरिधर मान दुख अब हेलि ॥ 'कृष्ण दास' निनाथ नवरँग, तूं कुँवारि नव वेलि ॥४॥३॥卐॥ रतिपति दे दुख कारि रतिपति सौं ॥ तूं तौ मेरी

प्यारी और प्यारे हु की प्यारी उठि चलि गज गति सौं ॥ १ ॥ दुती कैं बचन सुनि कैं, मुसिक्यानि, भूषन बसन सोंधो लियौ बहु भांतिसौं ॥ 'कल्यान' के प्रभु गिरिधर नागर धाइ लई उर अतिसौं ॥२॥४॥卐॥ राधे देखि बनकैं चैन ॥ भृंग कोकिल सब्द सुनि सुनि प्रकट प्रमुदित मैन ॥१॥ जहँ बहति मंद सुगंध सीतल भाँमिनी सुख सैन ॥ कौन पुन्य अगाध कौं फल तूं जो बिलसति ऐंन ॥ २ ॥ लाल गिरिधर मिल्यौ चाहति, मोहन मधुर बैन ॥ 'दास परमानँद' प्रभु हरि चारु पंकज नैन ॥ ३ ॥ ५ ॥ २०५ ॥ 卐 ॥ मान ताल तिताल ॥ फिरि पछिताइगी हो राधा ॥ कित तू कित हरि कित यह औसर न करत प्रेमरस बाधा ॥१॥ बहोरि गुपाल भेख कब धरि हैं कब इन कूंजन बसि है ॥ यह जडता तेरे जिय उपजी

चतुर नारि सब हँसि है ॥ २ ॥ रसिक गुपाल सुनति सुख उपजै आगम निगम पुकारैं ॥ 'परमानँद' स्वामी पै आवति कौ यह नीति विचारै ॥३॥१॥卐॥ चोताल ॥ ऋतु बसंत प्रफुलित बन बकुल मालती कुंद, जाति नवकरन कारन केतुकी कुरबक गुलाल ॥ चलि राधे चटमट करि तजि हठ सठ जिय कौं, हौं पठई लेन तोहि आतुर है अति नँदलाल ॥ १ ॥ तेसोई तरनि तनया तीर तेसोई बहति सुख समीर तेसोई चहूं दिस तैं उडति हैं सोंधौं गुलाल ॥ यह औसर कँठ लाइ रिझये 'रघुबीर' राइ तो तू एसी लागति है कनकलता कैं ढिग तरु तमाल ॥ २ ॥ १ ॥ 卐 ॥ कहा आई री तरकि अब ही जू खेलत ही प्रीतम सँग एक हाथ अबीर दूजै फैंटा कर ॥ जब उन भुजन जोरि मुसिकाय वदन मोरयौं ते जान्यौं

औरन तन चितए ऐसो यह होय जिन परइ इन नैनन मैं यही डर ॥ १ ॥ जब ही तू उठि चली तबही लालन उझकि रहै औरन सो बूझन लागे बेऊ झुकि गई कौन बात परि ॥ उठि चलि हिलि मिलि तूव रंग-राख और सब लागति चुनी समान तूव माधि नाइक सँग सोहति लाल गुपाल गिरिधारि ॥२॥२॥卐॥ मान तजौ भजौ कंत ऋतु बसंत आयौ ॥ वन सोभा निरखि निरखि पाथिकन सुख पायौ ॥१॥ फूल बनराई जाइ मधुकर लपटायौ ॥ अँब मोर ठोर ठोर ब्रिंदाबन छायौं ॥ २ ॥ अति सुगंध बहति वायु बस पराग उडायौ ॥ उनमद झंकार करति विरही जन डरायौ ॥ ३ ॥ तिहारे हित कारन मैं यह सब्द सुनायौ ॥ 'रसिक पीतम जाइ मिलौ जुवती न मन भायौ ॥४॥३॥卐॥ लाल ललित ललितादिक सँग लिए बिहरत री बर बसंत ऋतु कला सुजान ॥ फूलन की कर गेंदुक लिए

पटकति पट उरज छिए हँसति लसति हिलि मिलि सब सकल गुन निधान ॥ १ ॥ खेलति अति रस जो रह्यौ रसना नहीं जात कह्यौ निरखि परखि थकित भए सघन गगन जान ॥ 'छीत स्वामी' गिरिवरधर श्री विठ्ठल पद पद्मरेनु वर प्रताप महिमा तैं कियौ कीरति गान ॥२॥४॥२१०॥卐॥ धमार ॥ ऋतु पलटी री मोपै रह्यौं न जाइ ॥ मधुकर ! माधों सौं कहियो जाइ ॥ ध्रु० ॥ बहू बास सुवास फूली है बेलि ॥ अरु बने कोकिला करति केलि ॥ मधुप ताप तन सह्यौं न जाइ ॥ पिय प्रान गऐं कहा करि हौं आइ ॥ १ ॥ पिय प्रान रहति हैं अवध आस ॥ पिय तुम बिनु गोपी रही उदास ॥ 'सूर दास' इह बदति बाल ॥ पिय तुम बिनु मथुरां कोन हाल ॥ २ ॥ १ ॥卐॥ ऋतु बसंत के आगम

आली प्रचुर मदन कौं जोर ॥ कैसैं धरैं कुल वधू धीरज खेलति नँदकिशोर ॥ १ ॥ तेसी ए गिरि गोवरधन उपर नूत मंजुरी मोरी ॥ सुनि सुनि चली लाल गिरिधर पै बनि बनि नवल किसोरी ॥ २ ॥ जाइ मिली अनुरागु भरी रस फाग स्याम सौं खेली ॥ 'ब्रजपति' स्याम तमाल हि लपटी मानौं कंचन बेली ॥ ३ ॥ २ ॥ 卐 ॥ ऐसो पत्र लिखि पठयौ नृप बसंत ॥ तुम तजो मान मानिनी तुरंत ॥ ध्रु० ॥ कागद नव दल अँब पाँति ॥ द्वात कमल मसि भँवर गाति ॥ लेखन काम के बान चाँप ॥ लिखि अनँग सासि दई छाप ॥ मलयानिल पठयौ करि बिचार ॥ बाँचे सुक, पिक, तुम सुनौं नारि ॥ 'सूर दास' यौं बदति बानि ॥ तू हरि भजि गोपी तजि सयान ॥ २ ॥ ३ ॥ 卐 ॥ चलि राधे तोहि स्याम बुलावैं ॥ वह सुनि देखि बेन मधुरे

सुर तेरो नाम ले लै गावैं ॥१॥ देखौ ब्रिंदाबनकी सोभा ठौर ठौर द्रुम फूलै ॥ कोकिल नाद सुनति मन आनँद मिथुन बिहँगम फुलै ॥ २ ॥ उनमद जोबन मदन कुलाहल यह औसर है नीकौ ॥ 'परमानँद' प्रभु प्रथम समागम मिल्यौ भाँवतो जीकौ ॥ ३ ॥ ४ ॥ 卐 ॥ देखि वसंत समैं ब्रज सुंदरी तजि अभिमान चली ब्रिंदाबन ॥ सुंदर-ताकी रासि किसोरी नव सत साजि सिंगार सुभग तन ॥ १ ॥ गई तिहि ठौर देखि ऊंचै द्रुम लता प्रकासित गुँजत अलि गन ॥ 'कुंभन दास' लाल गिरिधरि कौं मिली है कुँवरि राधा हुलसत मन ॥ २ ॥ ५ ॥ २१५ ॥ 卐 ॥ नव बसंत आगम नीको लागति नवल फूल पल्लव नए ॥ नाना बरन सकल ब्रिंदाबन जहँ तहँ द्रुम प्रफुलित भए ॥ १ ॥ प्रगट्यौ रतिपति बसंत सुखद ऋतु हेम काल

कलह जू गए॥ गुंजत मधुप कीर पिक कूजति ठौर ठौर आनंद ठए॥२॥ जमुना तट रमनीक परम रुचि कुंज बितान ललित छए॥ तहँ साजि नटवर नँद नँदन बैठि रहे नेरें जू लए ॥ ३॥ जानि सु समय 'चतुरभुज' प्रभु पिय आतुर सँदेस तोकौ जु दए ॥ बेगि चलि हिल मिलि गिरिधरि पिय सँग सब सुख करि बिलसौ जू नए ॥४॥६॥卐॥

नवल बसंत कुसुमित ब्रिंदाबन अधिक मिठानौं कालिंदी जल॥ कलकल कोकिल कीर सनादित गुंजति मधुप मिथुन तोलति बल॥ १ ॥ रतिपति उदित मुदित मन भाँमिनी मानिनी तज, छीजति तिल तिल पल ॥ वर निकुंज खेलति नंद नंदन बोलति तोहि छेल राधा चलि॥ २॥ मोहनलाल गोवरधनधारी रसिक सिरोमनि रहासे हिल मिल॥ 'कृष्ण दास' प्रभु सुरति वारि निधि, कँठ बाहु

धरि छोडि बिरहानल ॥३॥७॥卐॥ प्यारी देखि बनकी बात ॥ नव वसंत अनंत मुकुलित कुसुम और द्रुम पाँति ॥ १ ॥ बेनु धुनि नँदलाल बोली तुव कित अलसात ॥ करति कित हि विलंब भामिनी वृथा औसर जाति ॥ २ ॥ लाल मरकत मनि छबीलौ, तू जो कँचन गात ॥ बनी 'हित हरिवंस' जोरी उभै कुल कल गाति ॥३॥८॥卐॥ प्यारी राधा कुंज कुसुम संकेलैं ॥ गुही कुसुम मनोहर माला पीतम कै उर मेल॥१॥ पियके बैंन, नैन अनियारें मैन हि झरी झेले ॥ गोरज स्थल स्यांम उर स्थल मनौं जुगल गढ घेरैं ॥ २ ॥ नंद नंदन सौं अति रस बाढयौ मदन मोहन सौं खेलै ॥ कहे 'कल्यान' गिरिधर की प्यारी रस हि मैं रस मेलैं ॥ ३ ॥ ९ ॥ 卐 ॥ फूलि झूमि आई बसंत ऋतु ॥ जमुना तट नव कान्हर बिहरति नँद कुमार

घोख जुवतिन बितु ॥ १ ॥ गिरिधरि नागर तोहि बुलावति वऊ बिधान सखी कहा कहूं हितु ॥ 'कृष्ण दास' प्रभु कौतिक सागर तुम उपरि चलि घरैं चपल चितु ॥ २ ॥ १० ॥ २२० ॥ 卐 ॥ बेगि चलो बन कुंवरि सयानी ॥ समय बसंत, बिपिन मधि हय गज मदन सुभट नृप फोज पलानी ॥ १ ॥ चहूं दिस चाँदनी चमू चय कुसुम धूरि धूंधरी उडानी ॥ सोरह कला छिपांकर की छबि सोहति छत्र सीस कर तानी ॥ २ ॥ बोले हंस चपल बंदी जन मनौं प्रसंसित पिक बर बानी ॥ धीर समीर रटत बन अलि गन मनौं काम कर मुरली सु ठानी ॥३॥ कुसम सरासन बनि हि बिराजति मनौं मानगढ आन आन भानी ॥ 'सूर दास' प्रभु की वेई गति करौ सहाइ राधिका रानी ॥ ४ ॥ ११ ॥ 卐 ॥ भाँमिनी चंपेकी कली ॥ वदन पराग मधुर रस

लंपट नव रँग लाल अली ॥ १ ॥ चोवा चंदन अगर कुँमकुमा करि जू सिंगार चली ॥ खेलति सरस बसंत परसपर रविकी कांति मली ॥ २ ॥ ताल मृदंग झांझ ढफ बीना बीच बीच मुरली ॥ 'कृष्ण दास' प्रभु नव रँग गिरिधर हिलि मिलि रँग रली ॥३॥१२॥卐॥ मानिनी मान छुडावन कारन मदन सहाइ बसंत लै आयों ॥ चतुरंगनि सैना सजि सुलभ पराग अटपटों छायौं ॥ १ ॥ नील कमल दल सहस्त्र मानौं गज कदली कुसुम रथ बेगि बनायौ ॥ चंपक जुही गुलाल और कुंज बहु रँग तुरी सेन सजि धायौं ॥२॥ कुँद, कनेर, मालती जाती पाइक दल आगें जू सुहायौं ॥ नाग केत धुजा, अरुन चंबर इव सेत छत्र मोरि कुसुम धरायौं ॥ ३ ॥ अँकुस किंसुक सीखंड केतुकी कुरबक निसान बजायों ॥ त्रिगुन समीर

सुजान छूट घर जस बंदी अलि कुल मिलि गायौं ॥ ४ ॥ कटक सँवारि कामिनी अँग अँग मोहन सौं सर चाँप चढायौं ॥ 'कृष्ण दास' गिरिधरि सौं मिलि रति करि रति पति हार मनायौ ॥ ५ ॥ १३ ॥ 卐 ॥ लाल करति मनुहार री प्यारी मान मनायौ मेरो ॥ मदन मोहन पिय कुंजभवनमैं नाम रटति हैं तेरौं ॥ १ ॥ नव नागर गुनको जू आगर ऋतुराज आयौ है नेरौ ॥ रसिक पीतम सौं हिलि मिलि भाँमिनि जैसैं चित्र चितैरो ॥२॥१४॥卐॥ पौढायवे के ॥ खेलति खेलति पोढी स्यामा नवल लाल गिरिधर पिय सँग ॥ चोवा चंदन अगर कुँमकुमा ऊारति फिरति सकल अँग अँग ॥१॥ बाजति ताल मृदंग अघौंटी बीना मुरली तान तरँग ॥ 'कुंभन दास' प्रभु यह बिधि क्रीडति जमुना पुलिन लजावति अनँग ॥२॥१॥॥२२५卐॥

खेलि फागु अनुराग भरे दौऊ चले धाम पौढन पिय प्यारी ॥ नवल लाल गिरिधरन नव बाला नवल सेज सुखकारी ॥ १ ॥ नवल बसंत नवल व्रिंदाबन नव चातक पिक भँवर गुंजा री ॥ नव नव केलि करति 'व्रजपति' सँग नवल भानु सु कुमारी ॥ २ ॥ २ ॥ २२६ ॥ 卐 ॥ खेलि फागु मुसिकात चले दौऊ पौढे सुखद सेज मिलि दंपति ॥ हँसि हँसि बात करति सुनि सजनी निरखति कृपन मिली मनौं संपति ॥ १ ॥ करति सिंगार परसपर हुलसति सोभा देखि मदन तन कांपति ॥ 'व्रज-पति' पिय प्यारी मिलि बिलसति सखी ललिता-दिक चरनन चाँपति ॥ २ ॥ ३ ॥ २२७ ॥ 卐 ॥ खेलि बसंत जाम चारयौ निसि हँसति चले पौढन पिय प्यारी ॥ नवल कुंज नव धाम मनो-हर नवल बाल नव केलि बिहारी ॥ १ ॥ नवल

सहचरी गान करति नव नवल ताल बीना कर-
धारी ॥ पौढे नवल सेज नव 'व्रजपति' चाँपति
चरन नव, भानु कुमारी ॥ २ ॥ ४ ॥ २२८ ॥卐॥
खेलि बसंत पिय सँग पौढी आलस युत रँग
भींनी ॥ नवल लाडिली प्रान पिय दोऊ नवल
अंस भुज दींनीं ॥ १ ॥ नौतम सेज रची सखियन
मिलि, अति सुगंध सरसींनीं ॥ नवल बीन कर
लीयैं माधुरी निरखति नेह नवींनीं ।२।५।२२९।卐
प्यारी पिय खेलति बर बसंत ॥ उपजति दुहुँ
दिस सुख अनंत ॥ ध्रु० ॥ अदभुत सोभा गौर
स्याम ॥ लाल पिया उर ललित दाम ॥ उमँगि
उमँगि अँग भरति वाम ॥ सहचरी सँग कला
काम ॥ १ ॥ सेज सुहाइ अमल खेत ॥ चलति
कटाच्छ पिचकि भरि हेत ॥ सनमुख भरि छवि
छींट लेति ॥ रोम रोम आनँद देति ॥ २ ॥ नख

प्रहार छबि कनि गुलाल ॥ राजति बिच उर टुटी माल ॥ जावक रँग रँग्यौ लाल भाल ॥ पीक पलक रँगी ललित माल ॥ ३ ॥ बाजैं ढफ भूषन सुभाइ ॥ बाढयौ सुख कछु कहयौ न जाइ ॥ सुरति रँग अँग छाइ ॥ 'दामोदर' हित सुरस गाइ ॥ ४ ॥ ६ ॥ २३० ॥ 卐 ॥ बसंत बनाई चली व्रज सुंदरि रसिक राए गिरिधर पिय पास ॥ अँग अँग बेलि फूलि मृग नैंनी कुच उतंग मनौं कमल विकास ॥ १ ॥ कोक कला बिध कुँज सदन मैं गिरिवरधर सँग किये बिलास ॥ कुसम पर्यंक अँक भरि पौढे निरखति बलि 'परमानँद' दास ॥ २ ॥ ७ ॥ २३१ ॥ 卐 ॥ आश्रयके पद ॥ श्री वल्लभ प्रभु करुना सागर जगत उजागर गाइए ॥ श्री वल्लभ कै चरन कमलकी बलि बलि जाइए ॥ १ ॥ वल्लभी सृष्टि समाज संग मिली जीवनकौं

फल पाइए ॥ श्री वल्लभ गुन गाइए याहि तैं 'रसिक' कहाइए ॥ २ ॥ १ ॥ २३२ ॥ 卐 ॥

असीस ॥ खेलि फागु अनुरागु मुदित जुबती जन देति असीस ॥ रसिकन की रस रासि श्रीवल्लभ जीयौ कौटि बरीष ॥ १ ॥ फिरि आईं खेलन कैं कारन अबला जुरि दस बीस ॥ 'हरिदास' के स्वामी स्यामा खेलौ बसंत जय जय गोकुल कै इस॥२॥१॥२३३॥+९४ अ, १०३ अ=२३५॥卐॥

यदक्षरं पदभ्रष्टं मात्राहिनं तु यद्भवेत ।
तत्सर्वं क्षम्यतां देव प्रसिद्ध परमेश्वर ॥

अंग सहित अष्टसखा.

(कीर्तनीआ नारानदासजी कौं संग्रह)

१	२	३	४
कृष्ण दास.	**कुंभनदास.**	**गोविंदस्वामी.**	**चतुरभुजदास.**
१ गुपालदास	किसोरीदास	कल्यानके प्रभु	कल्यानके प्रभु
(भाईला कोठारीके जमाई)	प्रभु मुकुंद	काका वल्लभजी	दामोदर हित
२ चतुर बीहारी	माधुरीदास	कृष्णदासी	प्रेम प्रभु
३ जगजीवन	रसखान	श्रीद्वारकेसजी	विचित्र विहारी
४ जनत्रिलोक	लघु गुपाल	व्रजपति	विहारीदास
५ दासमाधो	विष्णुदास	श्रीव्रजाधीसजी	मानदास
६ नागरीदास	हरिदासके (स्वामी स्यामा)	श्री हरिरायजी	व्यासदास (स्वामिनि)
७ रामराय	हित हरिवंस	रसिक की छाप वाले	श्रीभट
८ रूप माधुरी		श्री विठ्ठल गिरिधरनकी छापवाली 'गंगाबाई'	

५	६	७	८
छीतस्वामि.	**नंददासजी.**	**परमानँददास.**	**सूरदास.**
अग्रस्वामि (दास)	कटहरिआ प्रभु	आसकरनजी	अलीखान पठान
केसो किसोर	कहे भगवान हित रामराय प्रभु	गदाधरदास	कृष्णजीवन लछीराम
जन गिरिधर	जन हरिआ	गोपालदास	जगन्नाथ कविराय
भगवानदास	नाजबीबी बादसाहकी-हुरम	पद्मनाभदास	जन भगवानदास
माधुरीदास	धोंधी	मानेकचंद	तानसेनजी
कृपाकेस	रामदासजी	रसिक बीहारी	मुकुंददास
स्यामदास	रघुनाथदास	सगुनदास	मुरारीदास
मुकनराई	हरिदासजी	हरिजीवनदास	हरिनारायन प्रभु